भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †3798
सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

देखो अपना देश पहल

†3798. श्री हरीभाई पटेल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देखो अपना देश पहल के अंतर्गत जनवरी 2022 से भारत के विविध पर्यटन स्थलों और उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए किए गए कार्यकलापों का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त पहल के अंतर्गत घरेलू और विदेशी पर्यटकों के लिए कार्यक्रम और पैकेज और उपकरण प्रदान करने के लिए निजी हितधारकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और राज्य सरकारों के साथ सरकार के सहयोग का ब्यौरा क्या है;

(ग) देखो अपना देश अभियान की सफलता का मूल्यांकन करने के लिए मौजूद तंत्र का ब्यौरा क्या है और भविष्य की पर्यटन नीतियों को आकार देने के लिए इन मापदंडों का किस तरह उपयोग किया जा रहा है;

(घ) देश में कम देखे जाने वाले पर्यटन स्थलों की स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं पर उक्त अभियान के अनुमानित आर्थिक प्रभाव का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने आगामी वर्षों में घरेलू पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए उक्त अभियान की सफलताओं को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई हैं और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जनवरी 2020 में देखो अपना देश पहल शुरू की थी। इस पहल के तहत मंत्रालय वेबिनार, क्विज, प्रतिज्ञा, सेमिनार, पर्यटन प्रचार कार्यक्रम, फैम टूर, रोड शो, वेबसाइट, सोशल मीडिया आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भारत के पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देता है।

इस पहल के तहत, मंत्रालय ने देश में सबसे पसंदीदा पर्यटक आकर्षणों की पहचान करने के लिए नागरिकों के साथ मिलकर 'देखो अपना देश पीपुल्स चॉइस पोल' शुरू किया है।

पर्यटन मंत्रालय ने www.incredibleindia.gov.in के संशोधित संस्करण की शुरूआत की है, जिसमें हितधारकों के सहयोग से विभिन्न दौरा कार्यक्रमों, पैकेज टूर से संबंधित सूचना प्रदान की जा रही है।

इस पहल के तहत विभिन्न गंतव्यों पर घरेलू पर्यटकों की यात्रा में वृद्धि से स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलने, रोजगार के अवसर सृजित होने और आतिथ्य सेवाओं को सहायता मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थायी पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा।

वर्ष 2020 से राज्य-वार घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री हरीभाई पटेल द्वारा देखो अपना देश पहल के संबंध में दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3798 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के अनुसार घरेलू पर्यटक यात्राओं की सूची (डीटीवी)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	डीटीवी 2020	डीटीवी 2021	डीटीवी 2022	डीटीवी 2023
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	191207	126238	235061	323189
2	आंध्र प्रदेश	70828590	93277569	192716721	254706328
3	अरूणाचल प्रदेश	42871	102915	222437	1040601
4	असम	1266898	1409161	8382003	7612720
5	बिहार	5638024	2501193	25330364	81585701
6	चंडीगढ़	417953	228809	3027165	365591
7	छत्तीसगढ़	2810227	4747417	23636291	26022069
8	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्र	402395	661222	799602	1004327
9	दिल्ली*	9583671	10642477	27186209	39414622
10	गोवा	3258715	3308089	7011992	8175460
11	गुजरात	19464517	24525210	135811325	178066579
12	हरियाणा	2114731	2025450	2108496	2012162
13	हिमाचल प्रदेश	3170714	5632270	15070944	15942118
14	जम्मू एवं कश्मीर	2519524	11314920	18499332	20679336
15	झारखंड	2574704	3383642	38284379	35776102
16	कर्नाटक	77453339	81333659	182413203	284120502
17	केरल	4988972	7537617	18867414	21871641
18	लक्षद्वीप	3462	13500	22844	45796
19	लद्दाख	6743	303023	510137	759369
20	मध्य प्रदेश	23519632	25554067	35848781	111946409
21	महाराष्ट्र*	39234591	43569238	111297624	161359527
22	मणिपुर	49669	49371	139518	57701
23	मेघालय	24734	154409	937091	1371674
24	मिजोरम	30890	87232	218420	209087
25	नागालैंड	10979	23968	97431	99720

26	ओडिशा	4622273	3742221	7867909	9725184
27	पुदुचेरी	1114942	1253213	1760480	2092076
28	पंजाब	16692197	26640429	26089425	35707600
29	राजस्थान	15117239	21988734	108328156	179051925
30	सिक्किम	316408	511669	1625573	1321169
31	तमिलनाडु	140651241	115336719	218584846	286011515
32	तेलंगाना	39997001	32000620	60748425	58447573
33	त्रिपुरा	127815	177816	235600	366104
34	उत्तर प्रदेश	86122293	109708435	317913587	478525688
35	उत्तराखंड	7005264	19434475	54642559	58140578
36	पश्चिम बंगाल	28841732	24325984	84542195	145669292
	कुल योग	**610216157**	**677632981**	**1731013539**	**2509627035**

*अनुमानित डेटा

स्रोत: राज्य/संघ राज्यक्षेत्र पर्यटन विभाग

*****